२९ जुलाई, २०१२ २

# राज्य के विकास में कास्ट एण्ड मैनेजमेन्ट की अहम भूमिका होगी

लखनऊ, शनिवार । द इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एकाउन्टेंट्स आफ इण्डिया के अध्या राकेश सिंह ने कहा कि राज्य के विकास में कास्ट एण्ड मैनेजमेन्ट एकाउन्टेंट्स की अहम होगी। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद पहली बार राजधानी में आये श्री सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहाकि देश के अन्य राज्यों की तरह यूपी में बेरोजगारी की समस्या के निदान के लिये हमारी संस्था पहल कर रही है। हम शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि संस्था के चार क्षेत्रीय हेड क्वाटर्स ९५ चैप्टर, ८ विदेशी चैप्टर, पचास हजार से अधिक सदस्य लगभग चार लाख पचास हजार विद्यार्थी हैं। भारत सरकार एवं राज्य सरकारों को लागत एवं विभिन्न वस्तुओं के मूल्य निर्धारण करने में कर योजना बनाने में टैरिफ फिक्सेशन करने में सलाहकार की भूमिका निभाते हैं। श्री सिह ने बताया कि बीकाम या एमकाम से काम नहीं चलता है। इसके साथ प्रोफेशनल डिग्रियाँ जरूरी हो गयी हैं। इससे जाब की राह आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि आर्थिक मंडी यूरोप और एशिया को चपेट में ले रहा है। ऐसे संकट से निबटने के लिए कास्ट कटिंग कास्ट एण्ड मैनेजमेन्ट एकाउन्टिंग की डिमान्ड अचानक बढ़ गयी है। श्री सिंह को प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह और उनके पदाधिकारियो ने गुलदस्ते भेंटकर स्वागत किया।